अब तैयारी करें सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के निर्देशन में

दृष्टि at a glance... IAS / PCS ACADEMY

# Master in Current Affairs

## TOP 10 News Analysis with MCQs

**27 SEP. 2023**

USEFUL FOR

# IAS | PCS

& other civil services exams



**Sunil Lawania**
(Managing Director)


FF- 23-24, Second Floor, Panchvati Plaza,
Taj Nagri Phase – 2, Fatehabad Road, Agra

8476067777, 8394040777

1. **भारत की नेहा ठाकुर ने नौकायन में रजत पदक जीता**

- 

- हांग्जो में एशियाई खेल 2023 में, भारत की नेहा ठाकुर ने लड़कियों की डिंगी नौकायन स्पर्धा में रजतपदक जीता।
- इस संस्करण में सेलिंग में भारत का यह पहलापदक है।
- 17 वर्षीय खिलाड़ी ने 27 के नेट स्कोर के साथ समापन किया।
- इससे पहले महिला स्क्वैश टीम ने अपने शुरुआती ग्रुप मैच में पाकिस्तान को 3-0 से हराया जबकि पुरुष स्क्वैश टीम ने सिंगापुर के खिलाफ 3-0 से जीत हासिल की।

2. **मुंबई, वैश्विक हल्दी सम्मेलन की मेजबानी करेगा**

- 
- पहला वैश्विक हल्दी सम्मेलन मुंबई में होने जा रहा है, जिसमें उद्योग के हितधारक विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे।
- NCDEX संस्थान द्वारा टेफला के सहयोग से आयोजित इस सम्मेलन का उद्घाटन महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे करेंगे।
- प्रतिभागियों में किसान, व्यापारी, प्रोसेसर, निर्यातक, शोधकर्ता और अन्य हितधारक शामिल होंगे।

3. **विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस: 26 सितंबर**


- 

- मानव स्वास्थ्य पर पर्यावरणीय कारकों के प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 26 सितंबर को विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है।
- इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एनवायर्नमेंटल हेल्थ ने 2011 में हर साल 26 सितंबर को विश्व पर्यावरणीय स्वास्थ्य दिवस मनाने की घोषणा की थी।
- विषय: "ग्लोबल एनवायरनमेंटल पब्लिक हेल्थ: स्टैंडिंग अप टू प्रोटेक्ट एवरीवनस हेल्थ ईच एंड एव्री डे।"

4. **पूर्व IAS अधिकारी अमित खरे को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सलाहकार के रूप में सेवा विस्तार दिया**

- 
- पूर्व IAS अधिकारी अमित खरे को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सलाहकार के रूप में सोमवार को सेवा विस्तार दिया गया।
- कार्मिक मंत्रालय की ओर से एक आदेश में बताया गया कि अमित खरे की सेवा को 12 अक्टूबर 2023 से आगे विस्तार देने के लिए मंजूरी दे दी गई है।
- उन्हें अक्टूबर 2021 में दो साल के लिए PM मोदी के सलाहकार पद पर नियुक्त किया गया था।
- झारखंड कैडर के 1985 बैच के IAS अधिकारी अमित खरे 30 जून 2021 को रिटायर हुए 'थे।

5. **केंद्र सरकार ने आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया**

- 
- केंद्र सरकार ने आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया है.

- राजेश्वर राव का अगला कार्यकाल इसी वर्ष 9 अक्टूबर से शुरू होगा. इससे पहले वह आरबीआई के कार्यकारी निदेशक थे.
- राव साल 1984 से ही आरबीआई से जुड़े हुए है.
- राव ने कोचीन विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में स्नातक और बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में स्नातकोत्तर की पढ़ाई की है.

**6. 9वें ब्रिक्स संसदीय मंच में संसद के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व हरिवंश नारायण सिंह करेंगे**



- राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह 27-29 सितंबर तक जोहान्सबर्ग में 9वें ब्रिक्स संसदीय मंच (BRICS Parliamentary Forum) में संसद के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे.
- इसका मुख्य फोकस ब्रिक्स और अफ्रीकी साझेदारी को बढ़ाने के लिए संसदीय कूटनीति का उपयोग करना है.
- पहला ब्रिक्स संसदीय मंच 8 जून 2015 को मास्को में रूस की अध्यक्षता में आयोजित किया गया था.

**7. आईबीएसए ब्लाइंड फुटबॉल इंटरकांटिनेंटल कप 2023 का आयोजन कोच्चि में किया जायेगा**



- भारतीय ब्लाइंड फुटबॉल फेडरेशन (आईबीएफएफ) ने बताया कि 'आईबीएसए ब्लाइंड फुटबॉल इंटरकांटिनेंटल कप 2023' का आयोजन कोच्चि में कक्कानाड के यूनाइटेड स्पोर्ट्स सेंटर में किया जायेगा.
- यह टूर्नामेंट 26 सितंबर से 2 अक्टूबर के बीच आयोजित किया जायेगा.
- इसमें कोस्टा रिका, चिली, पोलैंड, रोमानिया, ग्रीस, मिस्र, उज्बेकिस्तान, कजाकिस्तान, कोरिया गणराज्य और भारत की टीमें भाग लेंगी.

**8. वहीदा रहमान को दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा**




- दिग्गज अभिनेत्री वहीदा रहमान को सिनेमा के क्षेत्र में देश के शीर्ष सम्मान दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा.
- पिछले साल दादा साहब फाल्के पुरस्कार दिग्गज बॉलीवुड अभिनेत्री आशा पारेख को प्रदान किया गया था.
- भारत सरकार ने 1969 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार की घोषणा की थी.
- दादा साहब फाल्के को 'भारतीय सिनेमा के जनक' के रूप में जाना जाता है.

**9. एशियाई खेल 2023 में भारत ने अपना तीसरा गोल्ड घुड़सवारी में जीता**



- भारत ने एशिया कप 2023 में अपना तीसरा स्वर्ण पदक घुड़सवारी ड्रेसेज (Equestrian dressage) में जीता है.
- घुड़सवारी की भारतीय मिश्रित टीम ने पहला इवेंट में पहला स्थान हासिल कर यह कारनामा किया.
- भारतीय घुड़सवारी टीम ने इस स्पर्धा में 41 साल का बाद स्वर्ण पदक जीता है.
- एशिया कप 2023 में यह भारत का 13वां पदक था.

**10. 'भारत ऊर्जा शिखर सम्मेलन 2023' का उद्घाटन आरके सिंह ने किया**




- नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने नई दिल्ली में 'भारत ऊर्जा शिखर सम्मेलन 2023' (India Energy Summit 2023) का उद्घाटन किया.
- इस दो दिवसीय शिखर सम्मेलन का उद्देश्य देश में एक सक्षम ग्रीन हाइड्रोजन इको सिस्टम तैयार करना है.

## CURRENT AFFAIRS QUIZ

1. **एशियाई खेल 2023 में, भारत की नेहा ठाकुर ने लड़कियों की डिंगी नौकायन स्पर्धा में कौनसा पदक जीता है?**
   (a) रजत
   (b) स्वर्ण
   (c) कांस्य
   (d) इनमे से कोई भी नहीं
2. **पहला वैश्विक हल्दी सम्मेलन किस शहर में होने जा रहा है?**
   (a) सूरत
   (b) दिल्ली
   (c) मुंबई
   (d) कलकत्ता
3. **विश्व पर्यावरणीय स्वास्थ्य दिवस प्रत्येक वर्ष किस दिन मनाया जाता है?**
   (a) 26 सितम्बर
   (b) 28 सितम्बर
   (c) 29 सितम्बर
   (d) 30 सितम्बर
4. **हाल ही मे किसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सलाहकार के रूप में पद ग्रहण किया है?**
   (a) अमित खरे
   (b) सुनील त्रिपाठी
   (c) राजेश कुमार
   (d) इनमे से कोई नही
5. **केंद्र सरकार ने आरबीआई के डिप्टी गवर्नर एम राजेश्वर राव का कार्यकाल कितने वर्ष के लिए बढ़ा दिया है?**
   (a) 01 वर्ष
   (b) 02 वर्ष
   (c) 03 वर्ष
   (d) 04 वर्ष
6. **9वें ब्रिक्स संसदीय मंच में संसद के एक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कौन करेगा?**
   (a) शशि थरूर
   (b) राजनाथ सिंह
   (c) हरिवंश नारायण सिंह
   (d) ओम बिड़ला
7. **आईबीएसए ब्लाइंड फुटबॉल इंटरकांटिनेंटल कप 2023 का आयोजन किस शहर में किया जायेगा?**
   (a) पणजी
   (b) कोच्चि
   (c) चेन्नई
   (d) हैदराबाद
8. **दादा साहब फाल्के लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से किसे सम्मानित किया जायेगा?**
   (a) रेखा
   (b) जया बच्चन
   (c) वहीदा रहमान
   (d) धर्मेन्द्र
9. **एशियाई खेल 2023 में भारत ने अपना तीसरा गोल्ड किस खेल में जीता?**
   (a) तैराकी
   (b) निशानेबाजी
   (c) रेसलिंग
   (d) घुड़सवारी
10. **'भारत ऊर्जा शिखर सम्मेलन 2023' का उद्घाटन किसने किया?**
   (a) अनुराग ठाकुर
   (b) स्मृति ईरानी
   (c) आरके सिंह
   (d) ज्योतिरादित्य सिंधिया

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. | 9. | 10. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (a) | (c) | (a) | (a) | (a) | (c) | (b) | (c) | (d) | (c) |